| Publication | DT Next |
|---|---|
| Date | 5 July 2025 |

# Shriram eyes Rs 350 cr via B'luru Project

**NEW DELHI: Realty firm Shriram Properties Ltd ia aiming to generate Rs 350 crore revenue from its new housing project in Bengaluru. In a regulatory filing on Friday, the company said it has launched a residential project 'Codename: The One' in Bengaluru, comprising 340 apartments. he total saleable area is about 5 lakh sq ft with a revenue potential of over 350 crore.**

The project is expected to be developed over the next three years. Shriram Properties Ltd is one of the leading residential real estate developers in the country. It has delivered 48 projects with a saleable area of 27.6 million square feet across Bengaluru, Chennai and Kolkata. The Bengaluru-based company has a development pipeline of 37 projects with 36 million square feet.

| Publication | Dakshin Bharat |
|---|---|
| Date | 5 July 2025 |

# श्रीराम प्रॉपर्टीज का बेंगलूरु में नई आवास परियोजना से 350 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाने का लक्ष्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/चेन्नई। रियल एस्टेट कंपनी श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेड का बेंगलूरु में अपनी नई आवासीय परियोजना से 350 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने बेंगलुरु में एक आवासीय परियोजना 'कोडनेम : द वन' शुरू की है। इसमें 340 अपार्टमेंट शामिल हैं।

परियोजना में कुल बिक्री योग्य क्षेत्र लगभग पांच लाख वर्ग फुट है और इसकी राजस्व क्षमता 350 करोड़ से अधिक है। इस परियोजना के अगले तीन वर्षों में विकसित होने की उम्मीद है। श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेड देश के अग्रणी आवासीय रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है। इसने बेंगलूरु, चेन्नई और कोलकाता में 2.76 करोड़ वर्ग फुट के बिक्री योग्य क्षेत्र के साथ 48 परियोजनाएं वितरित की हैं।